दिन—शनिवार दिनांक— 11/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि— 05 मिनट

---

एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में भाजपा कोर कमिटी की बैठक चल रही है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। इसके अलावा पार्टी के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इस बीच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि एनडीए में सीटों के बंटवारे पर अभी बातचीत पूरी नहीं हुयी है। पटना हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर सहमति बनने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि बातचीत का अगला दौर दिल्ली में होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री कुशवाहा आज गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर सकते हैं। वहीं, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी का भी अमित शाह के साथ मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने अध्यक्ष चिराग पासवान को बिहार विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम रूप से अधिकृत किया है। आज नई दिल्ली में पार्टी की केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है और अंतिम फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष ही लेंगे।

———————————————————————————

महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर मामला उलझता ही जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस सीटों के तय हुए फॉर्मूले से नाराज है। इस सिलसिले में आज राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से टेलीफोन पर बातचीत की है। इधर, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने आज पार्टी की एक आपातकालीन बैठक बुलाई है। इस बैठक में महागठबंधन के घटक दलों के वरिष्ठ नेता के भी शामिल होने की संभावना है। इस बीच, कांग्रेस ने भी एक आपातकालीन

बैठक बुलाई है। ऑनलाइन होने वाली इस बैठक में दिल्ली से स्क्रीनिंग कमिटी के मेम्बर और वरिष्ठ पर्यवेक्षक भी शामिल होंगे।

———————————————————————

भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री यादव ने कहा कि पार्टी में गरीबों और पिछड़ों का कोई सम्मान नहीं है, जिस कारण उन्होंने इस्तीफा दिया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में बयालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने पैंतीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में पाँच हजार चार सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आठ सौ पंद्रह करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी और सम्पूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जय प्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकनायक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देश और समाज के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण का व्यक्तित्व और आदर्श हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। इधर, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन जे.पी. की जन्मस्थली सारण जिले के सिताब दियारा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जे.पी. की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। साथ ही उन्होंने लोक नायक के पैतृक आवास और प्रभावती पुस्तकालय का भी दौरा किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।